युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872-263188 ई-मेल : ydpgcollege@gmail.com

दिनांक : 18.11.2026

अति महत्वपूर्ण सूचना

(नियमित/बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट परीक्षा फार्म प्रथम सेमेस्टर)

स्नातक (बी.ए., बी.काम. व बी.एससी.)/**परास्नातक** (एम.ए.–अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र व राजनीति विज्ञान तथा एम.काम. व एम.एससी.–वनस्पति विज्ञान) एवं बी.एड. **प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं** में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2026** के नियमित/बैक पेपर, इम्प्रवूमेंट व भूतपूर्व परीक्षा **(प्रथम सेमेस्टर)** के ऑनलाइन परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर (Samarth Students Login) के माध्यम से भरने की अन्तिम तिथि **दिनांक 20.11.2026** तक पुनः विस्तारित कर दी गयी है।

अतः स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है निर्धारित तिथि तक अपना परीक्षाफार्म भरकर कार्यालय में समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित **दिनांक 21.11.2026** तक अवश्य जमा कर दें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर जमा न करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा।

स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–

- परीक्षा आवेदन फार्म
- LURNS-2026 की छायाप्रति।
- इण्टरमीडिएट/स्नातक अंकतालिकाओं की छायाप्रति।
- आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।
- APAAR ID/ABC ID की छायाप्रति।

नोटः–

1. **नामांकन संख्या (Enrollment Number) हेतु LURN Samarth Login के माध्यम से प्राप्त करेंगे।**
2. **ईमेल/मोबाइल नम्बर अपडेट करने हेतु महाविद्यालय से सम्पर्क करें।**
3. **सह पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषय का चयन संलग्न सूची के अनुसार करें।**
4. **बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट व भूतपूर्व (2025) का शुल्क विश्वविद्यालय को ऑनलाइन जमा कर शुल्क रसीद फार्म के साथ संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करें।**
5. **2025 के पूर्व के बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट/भूतपूर्व अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा फाम्र भरकर शुल्क महाविद्यालय में काउण्टर नं. 01 पर जमा करेंगें।**

Hemant 18.XI.2026

प्राचार्य

प्राचार्य/PRINCIPAL

यु0 द0 महाविद्यालय/Y.D.P.G. College

लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

CamScanner

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि/पनिक:/26-53
दिनांक: 17.11.2026

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की **विषम सेमेस्टर दिसम्बर-2026 के** नियमित/इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा **(प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशित छात्रों)** के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर (Samarth Students Login) के माध्यम से भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 20.11.2026 तक पुनः विस्तारित की जाती है।**

1. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र/छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया पूर्ण करेंगे, विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को परीक्षा शुल्क नही जमा करना है। ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को प्रिन्ट अपने सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/ निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे।
2. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के इम्प्रूवमेन्ट के छात्रों को परीक्षाफार्म भरते समय लॉगिन के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म भरकर सम्बन्धित कार्यालय में जमा करना है।
3. महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं का एनरोलमेन्ट नम्बर छात्रों के प्रवेश लॉगिन पर उपलब्ध है। जिसके माध्यम से (Samarth Students Login) पर रजिस्ट्रेशन करते हुए लॉगिन बनाने के उपरान्त ऑन लाइन परीक्षाफार्म भरकर अपने महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ जमा करेंगे।
4. परीक्षार्थी पूर्ण सावधानीपूर्वक अपने कोर्स का चयन करेंगे, तत्पश्चात् अपने प्रश्नपत्रों का चयन करते हुए परीक्षाफार्म पूर्ण करेंगे।
5. प्रवेशित छात्रों के ई-मेल/मोबाइल न0/ आदि के संशोधन की व्यवस्था महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
6. परीक्षाफार्म को लॉगिन के माध्यम से अग्रसारित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क एवं नामांकन शुल्क महाविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध ई-मैनडेट के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा किया जायेगा।
7. छात्र ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु **WhatsApp No. 7991200600, 7991200506** एवं **E-mail ID. samarthexamlu@gmail.com** पर **WhatsApp** या ई-मेल कर सकते है।

समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में भरे गये परीक्षाफार्म के साथ समस्त छात्रों माईग्रेशन/टी0सी0 संलग्न कर सूची विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क रसीद के साथ दिनांक 23.11.20 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के उपरान्त कोई तिथि विस्तारित नही की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांक: उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

CamScanner

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि/पनिका/26-5[illegible]
दिनांक: 17.11.2026

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की **विषम सेमेस्टर–2026 के प्रथम सेमेस्टर** इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा **(2025 से पूर्व के छात्रों के** ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर **www.lkouniv.ac.in** के माध्यम से भरने की **अंतिम तिथि दिनांक 20.11.2026 तक पुनः विस्तारित की** जाती है।

1. बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करते हुए सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए **सूची दिनांक 23.11.2026** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
3. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय को ऑनलाइन भरे गये समस्त परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय लॉगिन से अग्रसारित किया जायेगा।
4. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध व्यवस्था के अनुसार ऑनलाइन जमा करते हुए समस्त परीक्षाफार्मो की सूची शुल्क रसीद सहित निम्नानुसार **दिनांक 23.11.2026 तक परीक्षा विभाग,** लखनऊ विश्वविद्यालय में **अनिवार्य रूप से** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु **Helpline Number 7897999211, 7897992064 WhatsApp No. 7897992062, Landline No. 0522-4150500** and **E-mail lu.support@otpl.co.in** पर मेल कर सकते है।

17.11.2026
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने महाविद्यालय के सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

17.11.2026
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

CamScanner